मीटिंग कार्यवाई
श्री वासुदेव तीर्थ प्रबन्धक समिति
श्री वासुदेव तीर्थ स्थल अमरोहा

आज दिनॉक 28–12–2023 को संस्था श्री वासुदेव तीर्थ प्रबन्धक समिति की एक मीटिंग संस्था के कार्यालय श्री वासुदेव तीर्थ स्थल अमरोहा मे सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष श्री शिव स्वरूप टण्डन जी ने की और संचालन संस्था के मन्त्री श्री महेश चन्द्र जी ने किया।

प्रस्ताव	पारित प्रस्ताव
01.संस्था की गत मीटिंग की पुष्ठि का प्रस्ताव।	01.मन्त्री महोदय ने उपस्थित सदस्यो के समक्ष गत मीटिंग की कार्यवाई को पढकर सुनाया और इसकी पुष्ठि का प्रस्ताव सदस्यो के समक्ष रखा प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो गया।
02.संस्था द्वारा संचालित श्री उमापति महादेव कालेज ऑफ फार्मेसी अमरोहा बी0फार्मा की मान्यता लेने हेतु प्रस्ताव।	02.मन्त्री महोदय ने उपस्थित सदस्यो को सम्बोधित करते हुए कहॉ कि संस्था द्वारा संचालित श्री उमापति महादेव कालेज ऑफ फार्मेसी अमरोहा मे बैचलर ऑफ फार्मेसी(बी0फार्मा) की मान्यता लेनी है उन्होने बैचलर ऑफ फार्मोसी की मान्यता लेने हेतु आवेदन करने का प्रस्ताव उपस्थित सदस्यो के समक्ष रखा गहन विचार विमर्श के उपरान्त सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि संस्था द्वारा मान्यता के लिये सम्बन्धित विभाग को आवेदन कर दिया जाये।
03.संस्था की ओर से मान्यता सम्बन्धी आवेदन व पत्राजात करने के लिये अध्यक्ष महोदय को अधिकृत करने का प्रस्ताव।	03.मन्त्री महोदय ने उपस्थित सदस्यो के समक्ष प्रस्ताव रखा कि संस्था की ओर से सम्बन्धित विभाग से श्री उमापति महादेव कालेज ऑफ फार्मेसी अमरोहा मे बैचलर ऑफ फार्मेसी(बी0फार्मा) की मान्यता लेने और संस्था की ओर से मान्यता सम्बन्धी समस्त कार्यवाई और पत्राजात करने के लिये संस्था के अध्यक्ष श्री शिव स्वरूप टण्डन जी को अधिकृत किया जाये प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो गया और श्री शिव स्वरूप टण्डन जी को समस्त मान्यता सम्बन्धी कार्यवाई के लिये अधिकृत किया गया।

अन्य कोई प्रस्ताव न आने के कारण अध्यक्ष महोदय की अनुमति से मीटिंग की समाप्ति की घोषणा कर दी गई।

शिवस्वरूप टण्डन

श्री महेश चन्द्र अमरोहा।